गिरजाघरों में क्रिसमस के अवसर पर हुई विशेष प्रार्थना सभा

आकर्षक रोशनी से चर्चों को सजाया गया, शाम की प्रार्थना में सैकड़ों हुए शामिल

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. प्रभु ईसू मसीह के जन्म दिन के अवसर पर शहर के प्रमुख गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन गुरुवार को किया गया.

क्रिसमस के अवसर पर 12 दिन तक चलने वाले उत्सव क्रिसमस टाइड की शुरुआत बीती रात से ही हो गई थी. रात में उपस्थित इसाई समुदाय के लोगों ने गिरजा घरों में रात 12 बजे ईसा मसीह के जन्म उत्सव के रूप में प्रर्थना कर एक दूसरे को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी. गुरुवार को दिन भर गिरजाघरों में धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं. शाम को ज्यादातर लोग सेमरिया चौराहा स्थित गिरजाघर में उपस्थित हुए. इस दौरान समुदाय के युवा और उत्साही लोगों ने विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए. इसके अतिरिक्त शहर के सबसे पुराने गिरजाघर रेलवे कालोनी में भी काफी भीड़भाड़ रही.पतेरी के गिरजाघर में भी विशेष समुदाय के लोगों ने पूजा अर्चना कर प्रभु ईसा मसीह को याद किया. पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष शहर में क्रिसमस के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्रा नजर नहीं आई. बताया गया है कि गिरजाघर में कई लोग सांता क्लाज बनकर बच्चों को क्रिसमस उपहार भी बांटे.

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र ने दम तोड़ा

एनएच- 30 में तिलौरा के पास हुआ सड़क हादसा

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. मैहर जिला के थाना नादन देहात क्षेत्र में गुरुवार दोपहर ट्रक की टक्कर से मोटर साईकिल सवार पिता- पुत्र की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजमार्ग- 30 पर तिलौरा गांव के पास हुए इस हादसे के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पता चला है कि रामपुर बाघेलान के ग्राम समोगर निवासी भीमसेन कुशवाहा (26) और उनके पिता रामकलेश कुशवाहा (45) मैहर सिविल अस्पताल में भर्ती अपनी बच्ची को देखने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को गंभीर चोटें आई और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई।

भीमसेन फरीदाबाद की एक निजी कंपनी में काम करता था। उसका परिचय पत्र उसके जेब से मिला है। यह बात सामने आई है कि ट्रक की रफ्तार तेज थी, जिससे बाइक सवारों को संभलने का मौका नहीं मिला। सूचना मिलते ही नादन देहात पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में लेकर मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किए।

लापता व्यक्ति का शव नदी से बरामद

चार दिन से लापता एक व्यक्ति का शव कोटर थाना क्षेत्र में मिला है। शव बरामद करने के बाद पुलिस ने मृतक की पहचान राकेश सिंह पिता राम विश्वास (53) निवासी बिहरा महादेवा के रूप में की है। यह बात सामने आई है कि राकेश 21 दिसंबर से लापता थे। 23 दिसंबर को उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। राकेश नदी में कैसे डूबे और उनकी मृत्यु का कारण क्या है, इसका पता पुलिस लगा रही है।

द्वि-दिवसीय तबला कार्यशाला का आयोजन आज

मैहर 25 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा 25 दिसम्बर को तबला दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा के अनुसांगिक कार्यक्रम के तहत शासकीय संगीत महाविद्यालय मैहर में 25 एवं 26 दिसम्बर को दोपहर 12 से द्वि-दिवसीय तबला कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी शामिल होंगे तथा अध्यक्षता कलेक्टर मैहर रानी बाटड करेंगी।

आईएसबीटी में अभी स्थापित नहीं हो पायी बसों की चार्जिंग व्यवस्था

अधूरे बस स्टैण्ड के लोकार्पण को लेकर हो रहीं चर्चाएं

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. कहने को तो सतना में मुख्यमंत्री का भव्य आगमन प्रस्तावित है। इस दौरान करीब ढाई सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास होना है और शहर के बहुप्रतीक्षित, नए-नवेले इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) का उद्घाटन भी तय माना जा रहा है।

प्रशासन और नगर निगम स्तर पर तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। दरअसल, सतना को मिलने वाली 20 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन को लेकर अब तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की जा सकी है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि जिन बसों के लिए आईएसबीटी को तैयार बताया जा रहा है, उन्हीं बसों की चार्जिंग के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा अब तक स्थापित नहीं हो पाया है। ऐसे में उद्घाटन से पहले ही इस परियोजना की व्यवहारिकता पर सवाल खड़े होने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, इलेक्ट्रिक बसों की चार्जिंग व्यवस्था से संबंधित प्रस्ताव स्थानीय स्तर से होते हुए भोपाल तक तो भेज दिया गया है, लेकिन मंत्रालय के बाद यह प्रस्ताव अभी तक केंद्रीय स्तर पर नहीं पहुंच पाया है। प्रस्ताव की स्वीकृति और कार्यान्वयन में हो रही देरी के चलते बसों के संचालन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

शहरवासियों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं आईएसबीटी का उद्घाटन केवल औपचारिकता बनकर न रह जाए। नगर निगम द्वारा जिन तैयारियों का दावा किया जा रहा है, वे अगर समय पर जमीन पर नहीं उतरतीं, तो यह पूरा आयोजन एक 'शिगूफा' साबित हो सकता है।

फिलहाल कलेक्टर स्तर पर आईएसबीटी को लेकर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन बिना चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के इलेक्ट्रिक बसों का संचालन संभव नहीं है। ऐसे में मुख्यमंत्री के आगमन और उद्घाटन से पहले यदि इन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो सतना का बहुप्रतीक्षित बस स्टैंड सिर्फ नाम मात्र का उद्घाटन बनकर रह जाएगा।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन और सरकार समय रहते इन खामियों को दूर कर पाती है या फिर यह महत्वाकांक्षी परियोजना सवालों के घेरे में ही उद्घाटित होगी।

माधवगढ़ में चोरी करने गोदाम में घुसे 3 बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. रात्रि में चोरी करने की नियत से गोदाम में घुसने वाले आरोपियों को कोलगवां पुलिस ने गिफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24.12.2025 को फरियादी मो. रसीद पिता लाल मोहम्द उम्र 32 वर्ष निवासी माधवगढ़ चिकान मोहल्ला थाना कोलगवां जिला सतना ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 23.12.25 को रात में खाना खाकर अपने घर में लेटा था। रात करीबन 11.55 बजे सीसीटीव्ही कैमरा मोबाईल में देखा तो मेरे टेन्ट हाउस गोदाम में तीन अज्ञात लोग घुसे थे, मैं बाहर निकला तो तीनों बाउण्ड्री छत से कूदकर भागे मैं हल्ला गोहार किया तो आसपास के लोग आये उसके बाद सभी लोग मिलकर तीनों को पकड़े और पूछताछ पर अपना-अपना नाम संदीप वंशकार, अभिषेक वंशकार एवं नीरज वंशकार निवासी नारायण तालाब संग्राम कालोनी का होना बताये। पकड़ते समय तीनो ने मेरे ऊपर हमला किया जिससे मेरे दाहिने हाथ नाड़ी के पास सूजनदार चोट एवं शरीर में दर्द हैं बाद में देखा तो तीनो लोग मेरे गोदाम की खिड़की तोड़कर मेरे गोदाम में घुसे थे। तीनो रोगों से को पकड़ने के बाद 112 डायल में काल किया था जो रामपुर बाघेलान से एफआरवी वाहन आयी थी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोलगवां जिला सतना में विधिवत अपराध क्रमांक 331 (6) 307 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के पुलिस द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए मामले के तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा सभी को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी संदीप वंसकार पिता पवन वंसकार उम्र 19 वर्ष निवासी हवाई पट्टी नारायण तालाब उतैली सतना, अभिषेक वंसकार पिता विनोद वंसकार उम्र 23 वर्ष निवासी हवाई पट्टी नारायण तालाब उतैली सतना एवं नीरज वंसकार पिता शिवपाल वंसकार उम्र 23 वर्ष निवासी सिंधी कैम्प सतना थाना कोलगवां जिला सतना म.प्र.हैं। आरोपियों के पास से दो नग मोबाईल, घटना में प्रयुक्त सब्बल, चाकू, टार्च, स्क्रू ड्रायवर (पाना) जब्त किया है।

कलेक्टर और एसपी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना 25 दिसम्बर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 27 दिसम्बर को सतना में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने एसपी हंसराज सिंह के साथ गुरूवार को विभिन्न स्थलों पर तैयारियों की अद्यतन स्थिति का अवलोकन किया और व्यवस्थाओं से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस मौके पर सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, अपर कलेक्टर विकास विकास सिंह, एसडीएम राहुल सिलाडिया, डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. शशिधर गर्ग, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, विंध्य चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा सहित पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

पीएम ने कहा प्रतिभाओं को मिलेगा बड़ा मंच

नवभारत न्यूज

सतना,25 दिसम्बर. शहर के दादा सूखेन्द्र सिंह स्टेडियम में बुधवार को सांसद खेल महोत्सव का मेगा फाइनल समारोह आयोजित हुआ।

पीएम मोदी ने सतना के खिलाडियों को प्रेरक संदेश में कहा कि आप देश के लिए खेल रहे हैं और तिरंगे के मान-सम्मान के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने हर माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को खेलने का अवसर दें और उन्हें प्रोत्साहित करें। मोदी ने जोर देकर कहा कि अब खेलों में अवसर सीमित नहीं हैं, बल्कि समृद्ध हो रहे हैं। अब देश में खिलाड़ियों का चयन पहुंच, पावर या पहचान के आधार पर नहीं, बल्कि शुद्ध प्रतिभा के आधार पर होता है। उन्होंने 2014 से पहले खेल क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और गड़बडियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब सब कुछ पारदर्शी है और पहले वाला बंद हो चुका है। अब गरीब का लडका भी अपनी प्रतिभा के दम पर शिखर पर पहुंच रहा है। इस संबोधन में पीएम ने विजय हजारे ट्रॉफी का उदाहरण देकर युवाओं की उभरती प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने बताया कि कैसे युवा खिलाड़ी 35-40 गेंदों में ही शतक ठोक रहे हैं, जो भारतीय क्रिकेट की नई ऊर्जा का प्रतीक है। सांसद खेल महोत्सव को खेल प्रतिभाओं की खोज का प्रमुख मंच बताते हुए, पीएम ने सतना के सांसद गणेश सिंह का नाम लेकर उनकी सराहना की। पीएम बोले सतना में सांसद ट्रॉफी का सफर अब सांसद खेल महोत्सव तक पहुंच गया है, जिससे खेल के नए सितारे उभरेंगे। उन्होंने कहा कि गणेश सिंह जैसे सांसदों के प्रयासों से स्थानीय स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान हो रही है। सभी सांसदों से पीएम ने अपील की, यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप ऐसी प्रतिभाओं की खोज करें जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करें। विशेष रूप से सांसद गणेश सिंह के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे महोत्सव से न केवल खेल संस्कृति मजबूत होगी, बल्कि राष्ट्र की एकता भी बढ़ेगी। यह महोत्सव सांसदों द्वारा आयोजित ट्रॉफी से विकसित होकर अब राष्ट्रीय स्तर का बन चुका है, जिसमें विभिन्न खेलों में हजारों युवा भाग लेते हैं। मोदी ने ग्रामीण क्षेत्रों में खेल सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डाला। गांवों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं, ट्रेनिंग सेंटर स्थापित हो रहे हैं और फिटनेस को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने खेल बजट की वृद्धि का उल्लेख किया कि 2014 से पहले यह मात्र 1200 करोड़ रुपये था, जो अब 3000 करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

लूटी बकरियां मझगवां के करारिया में मिली

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. उत्तरप्रदेश के मारकुण्डी थाना क्षेत्र के कुसमुही से 21 दिसम्बर को चरवाहों को बंधक बनाकर उनके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर लूटी गई बकरियां मझगवां थाना क्षेत्र के करारिया में आज लावारिस हालात में मिली.

बताया गया है कि कुल 34 बकरियो की हुई थी लूट जिसमे 32 नग बकरियां हुई बरामद, मौके पर पहुंची मझगवां थाना पुलिस

और मारकुण्डी पुलिस ने बकरियों को उन्ही चरवाहों के किया हवाले, लुटेरों की तलाश जारी, बार्डर एरिये में एमपी और यूपी पुलिस की सक्रियता से लुटेरे बकरी छोड़कर भागे।

पीसीसी रोड का लोकार्पण आज

सतना 25 दिसम्बर. जनपद पंचायत सोहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहावल में मुख्यमंत्री अधोसंरचना के अंतर्गत पानी टंकी से एनएच 75 की ओर 20 लाख रूपये की लागत से बनाई गई पीसीसी रोड का लोकार्पण नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में 26 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे पानी की टंकी के पास तरहटी सोहावल में किया जायेगा।

वेंकट-1 में वीर बाल दिवस आज मनाया जाएगा

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. सतना सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के चारों बेटो को शहादत दिवस पर देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा के साथ पूरे देश में भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।

इस तारतंभ में स्थानीय वेंकट क्रमांक 1 में 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश शासन की राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी सतना के सांसद गणेश सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडे नगर निगम महापौर योगेश ताम्रकार नगर निगम अध्यक्ष पालन चतुर्वेदी व अन्य अतिथियों कीउपस्थिति में मनाया जाएगा उनके द्वारा स्कूलकेप्रतिभावान बच्चों को वीर दिवस स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे की प्रबंधक कमेटी सदस्यगण, अभिभावकगण छात्र-छात्राए मौजूद रहेंगे

एक नजर में

प्रथम पुण्यतिथि पर बच्चों को दिया उपहार

सतना. सतना के वरिष्ठ पत्रकार विष्णुकांत त्रिपाठी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति में सिविल लाइन स्थित बालिका छात्रावास में सेवा कार्य का आयोजन किया गया।इस अवसर पर छात्रावास में निवासरत बालिकाओं को ठंड से बचाव हेतु कंबल, टोपा, स्लीपर सहित आवश्यक सामग्री वितरित की गई। साथ ही कॉपी-पेन जैसी शैक्षणिक उपयोग की वस्तुएं भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम में स्वर्गीय विष्णुकांत त्रिपाठी के परिजन, पत्रकार साथी एवं शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

अग्रवाल समाज का नि:शुल्क नेत्र शिविर 28 को

सतना,। अग्रवाल समाज सतना द्वारा श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट जानकीकुंड के संयुक्त तत्वाधान मे 28 दिसंबर रविवार को नि:शुल्क नेत्र शिविर समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के मार्गदर्शन में अमृत वाटिका सतना आयोजित हैं। प्रतिमाह होने वाला नेत्र शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। कैंप को-ऑर्डिनेटर पंडित भीषम शुक्ला ने बताया कि नि:शुल्क ऑपरेशन हेतु मरीजों को आधार कार्ड की फोटो कॉपी साथ रखना अनिवार्य है.

गाथा श्रीराम मंदिर की कार्यक्रम को लेकर उत्साह

सतना। आगामी 11 जनवरी 26 रविवार को रीवा रोड स्थित बी टी आई ग्राउंड परिसर सतना में गाथा श्री राम मंदिर की कार्यक्रम सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है। इस गौरवशाली आयोजन में दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाहक उत्तम बनर्जी विशेष रूप से सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में मनोहर डीगवानी, रूपेश वलेचा, अमित भावनानी, प्रदीप अरोड़ा, विनोद गेलानी सहित यूथ हेल्पिंग हैंड्स की पूरी टीम उपस्थित रही।

नवागत अधीक्षण अभियंता से किया सौजन्य भेंट

सतना। भारतीय मजदूर संघ सतना (बीएमएस) के प्रतिनिधि मंडल ने नवागत अधीक्षण अभियंता मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड सतना एम पी पटेल से सौजन्य मुलाकात की । इस अवसर पर जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ,जिलामंत्री शरद तिवारी , विधि सलाहकार पद्मधर द्विवेदी, पूर्व क्षेत्र बिजली कर्मचारी महासंघ से महामंत्री मणिराज विश्वकर्मा, जनता यूनियन जिला अध्यक्ष संदीप तिवारी, जिला कार्यसमिति सदस्य डीसी श्रीवास्तव आदि सम्मिलित हुए।

विन्ध्य व्यापार मेला में बढ़ती भीड़ से उत्साहित हुए दुकानदार व व्यापारी

नवभारत न्यूज

सतना, 25 दिसम्बर. विन्ध्य चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा आयोजित विन्ध्य व्यापार मेला मे आज सातवे दिन मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करते हुए चेम्बर के पूर्व अध्यक्ष पं. राजाराम त्रिपाठी ने कहा कि मैं भाव विभोर और हर्षित हूं कि जिस विन्ध्य व्यापार मेले की शुरूआत 25 वर्ष पहले हुई थी वह क्रमानुसार बढती जा रही है।

चेम्बर टीम को बधाई देते हुए कहा कि आपके अथक प्रयासो से 27 दिसम्बर को माननीय मुख्यमंत्री जी आ रहे है व्यापार मेला मे विक्रित वाहनो के मोटरयान कर मे छूट प्रदान करने की मांग जरूर करे। विषिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुधा उमेष प्रताप सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि विन्ध्य व्यापार मेला बहुत ही व्यवस्थित और आकर्षक लगा हुआ है चेम्बर की पूरी टीम को बधाई देती हूं। कार्यक्रम मे उत्थान सेवा के संस्थापक एडवोकेड विकल्प सिंह, सोनम सिंह, डॉ लक्ष्मी मोहनानी रिजवानी, डॉ. सरिका कालरा, डॉ रेखा पाण्डेय, रामऔतार त्रिपाठी, राकेष सिंह, राजनारायण तिवारी, सिंधी समाज की पूज्य पंचायत सिंधु सेवा समिति, सिंधु मंगल भवन कामेटी का सम्मान किया गया।

चेम्बर महांत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि विंध्य व्यापार मेले का 12वां संस्करण मे आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी उत्पादों की दिखी मजबूत झलक विंध्य क्षेत्र में आयोजित विंध्य व्यापार मेले के 12वें संस्करण का शुभारंभ इस वर्ष खास आकर्षणों के साथ हुआ है। मेले में आत्मनिर्भर भारत की सोच और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने की स्पष्ट झलक, देखने को मिल रही है। मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कारीगरों, लघु उद्योगों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित स्वदेशी वस्तुओं की प्रदर्शनी लगाई गई है। हस्तशिल्प, हथकरघा, स्थानीय खाद्य उत्पाद, आयुर्वेदिक सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुएँ लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। इस व्यापार मेले का उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है, जिससे वे अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचा सकें। साथ ही, युवाओं को स्वदेशी अपनाने और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।